# CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL

**KANKE ROAD, RANCHI**

**REVISION ASSIGNMENT**

**Subject: Hindi** **Class: IV**

**खण्ड - 'क'**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

**(क)** दूध से क्या - क्या चीजें बनती हैं?

**(ख)** फूड पिरामिड में किस - किस को स्थान दिया गया है?

**(ग)** नीम में क्या - क्या गुण होते हैं?

**(घ)** गौरैया आमतौर पर क्या - क्या उधार देती है?

**(ङ)** चिड़िया हमें क्या संदेश देती है?

**2. दिए गए शब्दों के प्रयोग से वाक्य बनाइए -**

**(क)** मेहनत -

**(ख)** दाना -

**(ग)** ईमानदारी -

**(घ)** उधार -

**(ङ)** सामग्री -

**(च)** घोंसला -

**खण्ड - 'ख'**

**3. दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

अनुशासन हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण गुण है। अनुशासित व्यक्ति अपने सभी कार्य समय पर करता है और नियमों का पालन करता है। विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का विशेष महत्व होता है। विद्यार्थियों को समय पर विद्यालय जाना, नियमित रूप से पढ़ाई करना, शिक्षकों का सम्मान करना और विद्यालय के नियमों का पालन करना चाहिए। अनुशासन हमें अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायता करता है। जो व्यक्ति अनुशासन में रहकर मेहनत करता है, वह जीवन में सफलता प्राप्त कर सकता है। इसके विपरीत, अनुशासनहीन व्यक्ति अपना समय व्यर्थ गँवा देता है और अपने कार्यों को ठीक प्रकार से पूरा नहीं कर पाता। इसलिए हमें बचपन से ही अनुशासन को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।

**(क) अनुशासन हमारे जीवन में क्यों महत्वपूर्ण है?**

**(ख) विद्यार्थियों को किन-किन बातों का पालन करना चाहिए?**

**(ग) अनुशासन हमें किस प्रकार सहायता करता है?**

**(घ) अनुशासनहीन व्यक्ति को क्या हानि होती है?**

**4. निम्नलिखित शब्दों का वर्ण - विच्छेद कीजिए -**

**(क)** तरबूज -

**(ख)** पुस्तक -

**(ग)** किताब -

**(घ)** क्षत्रिय -

**(ङ)** बरतन -

**(च)** श्रमिक -

**5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

**(क)** शब्द किसे कहते हैं?

**(ख)** वाक्य के कितने अंग होते हैं?

**(ग)** शब्द कितने प्रकार के होते हैं?

**(घ)** संज्ञा किसे कहते हैं?

**6. निम्नलिखित वाक्यों में उद्देश्य और विधेय अलग - अलग कीजिए -**

**(क)** बच्चा रो रहा है।

**(ख)** चिड़िया उड़ रही है।

**(ग)** नमन क्रिकेट खेलता है।

**(घ)** नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री हैं।

**********